<table>
<tr><td>तारीख हुक्म</td><td>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज
रामजीत सारण
बनाम
लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)
सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353213610266163</td><td>न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए</td></tr>
<tr><td>17/02/26</td><td>अपीलार्थी रामजीत सारण निवासी ग्राम खारिया खंगार, तहसील पीपाड़ शहर, जिला जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 25.12.2025 ग्राम बुरछा, सुखदेव नगर एवं बागोरिया (जिला जोधपुर) के पंचायत परिसीमन 2025 प्रत्येक गांव के लिए प्रारंभिक प्रस्ताव संबंधी अभिलेखीय सूचनाओं की प्रमाणित प्रतियों से सम्बन्धित सूचना व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई।

अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 213 दिनांक 04.02.2026 द्वारा अवगत करवाया है कि आवेदक को वांछित सूचना कार्यालय के पत्र दिनांक 04.02.2026 के द्वारा उपलब्ध करवाई जा चुकी है। इस कारण अपील खारिज योग्य है।

अतः लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) की उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।

(गौरव अग्रवाल)
जिला कलक्टर, जोधपुर</td><td></td></tr>
</table>

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.02.17 12:17:14 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 20573221